**फा. सं. 16/62/2018 –प्रशा.II/ई-90523**

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**

**वी.रामलिंगस्वामी भवन**

**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**

दिनांक: 31 जुलाई, 2025

**परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में युवा पेशेवरों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन।**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, जो अपने मुख्यालय, नई दिल्ली के लिए युवा पेशेवर-I (प्रशासन)के निम्नलिखित पदों को भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से **वॉक-इन-इंटरव्यू** के माध्यम से निर्धारित प्रोफार्मा(अनुलग्नक 1)में ऑफलाइन **आवेदन** आमंत्रित करता है, विवरण निम्नानुसार है:

i युवा पेशेवर-I(प्रशासन) - 01 (पर्यवेक्षक/कैंटीन/कैफेटेरिया)

2. वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक **11 अगस्त, 2025 (सोमवार) को प्रातः 10:30 बजे** निर्धारित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवारों को उक्त तारीख को प्रातः 09:30 बजे तक परिषद मुख्यालय, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029 के स्वागत कक्ष पर रिपोर्ट करनी है। निर्धारित तारीख एवं समय के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. चयनित उम्मीदवारों को परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में तैनात किया जाएगा।

4. आयु: वॉक-इन-इंटरव्यू की तारीख तक अधिकतम 35 वर्ष। (आयु में नियमानुसार छूट है)

5. **अनिवार्य अर्हकताः**

(i) **युवा पेशेवर-I (प्रशासन)(पर्यवेक्षक/कैंटीन/कैफेटेरिया):**किसी प्रतिष्ठित केंद्रीय/राज्य/सरकारी/पीएसयू या किसी प्रतिष्ठित होटल में कैफेटेरिया/कैंटीन के पर्यवेक्षक के रूप में योग्यता अर्जित करने के बाद न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से किसी भी विषय में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातक।

**नोट:** संबंधित क्षेत्र में अधिक अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।

6. **पारिश्रमिक**

युवा पेशेवरों-I का समेकित पारिश्रमिक 30,000/- रुपये प्रति माह होगा। युवा पेशेवरों को कोई मकान किराया भत्ता (एचआरए) नहीं दिया जाएगा।

7. **नियुक्ति की अवधिः** युवा पेशेवरों की नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष होगी जिसे यदि आवश्यक हुआ तो, आईसीएमआर द्वारा संबंधित क्षेत्र में कार्य/सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए और अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उप महानिदेशक/वरिष्ठ वित्त सलाहकार स्तर के अधिकारी द्वारा उम्मीदवार के कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद उनके संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया/घटाया जा सकता है। आईसीएमआर में युवा पेशेवरों की नियुक्ति की अधिकतम अवधि किसी भी स्थिति में तीन वर्ष है।

8. युवा पेशेवरों (वाईपी) के लिए आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार सरकारी कार्य हेतु किए जाने वाले स्वदेशी दौरों के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता स्वीकार्य होगा।

9. कार्य का समय प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक होगा। हालाँकि, आवश्यकतानुसार इसे बढ़ाया जा सकता है और कार्यालय समय से अधिक समय तक काम करने पर कोई अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जाएगा। बिना किसी वैध कारण के लगातार 08 दिनों तक अप्राधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर यह नियुक्ति स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

10. **छुट्टी का हकदार-** परिषद मुख्यालय में युवा पेशेवर भारत सरकार/आईसीएमआर के नियमों के अनुसार आनुपातिक आधार पर एक कैलेंडर वर्ष में 08 दिनों की छुट्टी और 02 प्रतिबंधित छुट्टियों के पात्र हैं। छुट्टियों के दौरान बीच में पड़ने वाले साप्ताहिक छुट्टी, छुट्टियों या राजपत्रित अवकाशों को स्वीकार्य छुट्टियों में नहीं गिना जाएगा। अप्रयुक्त छुट्टियों को अगले कैलेंडर वर्ष में आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, युवा पेशेवरों को छुट्टियों पर सौंपी गई ड्यूटी के बदले प्रतिपूरक अवकाश की भी अनुमति दी जाएगी, लेकिन एक माह में 02 से अधिक छुट्टियां नहीं दी जाएगी। प्रतिपूरक अवकाश एक बार में अधिकतम 05 दिनों का ही संचित किया जा सकता है तथा युवा पेशेवरों को तीन माह के भीतर इसका लाभ लेने की अनुमति दी जाएगी।

11. **युवा पेशेवर-I (प्रशासन) के पद के लिए कार्य-क्षेत्र निम्नानुसार है:**

**कैंटीन पर्यवेक्षक -** कैंटीन पर्यवेक्षक का कार्य कैंटीन के दैनिक कार्यों की देखरेख करना है तथा कुशल सेवा और उच्च गुणवत्ता वाले भोजन मानकों को सुनिश्चित करना है। जिम्मेदारियों में कर्मचारियों का प्रबंधन, आपूर्तिकर्ताओं के साथ समन्वय, वस्तु-सूची बनाए रखना और खाद्य सुरक्षा अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल है। उन्हें ग्राहकों के प्रश्नों का समाधान करना, बिक्री की निगरानी करना, तथा ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए प्रचार संबंधी गतिविधियों का आयोजन भी करना होगा। कैफेटेरिया में भोजन तैयार करने और पकाने की जिम्मेदारी, मेन्यू की योजना बनाना और तैयार करना, आपूर्ति का आदेश देना और स्टॉक करना, और रसोई कर्मचारियों की देखरेख करना शामिल है। आईसीएमआर प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य कार्य।

12. **भर्ती प्रक्रिया:**

i) आयु मानदंड को पूरा करने वाले तथा अपेक्षित योग्यताएं और अनुभव रखने वाले तथा निर्धारित आवेदन पत्र में आवेदन करने वाले उम्मीदवार 'वाक् इन इंटरव्यू' के लिए आ सकते है। आवेदन के साथ सभी संबंधित शैक्षिक दस्तावेज, फोटो/अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करने होंगे, अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

ii) ईमेल से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

iii) अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी तथा विज्ञापन से संबंधित अपडेट के लिए उम्मीदवार आईसीएमआर की सरकारी वेबसाइट देखें।

iv) साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की छंटनी शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर की जाएगी। हालाँकि, यदि आवश्यक हुआ,तो साक्षात्कार से पहले लिखित परीक्षा और असाइनमेंट का भी आयोजित किया जा सकता है। किसी भी स्तर पर बराबर अंक आने की स्थिति में समान अंक पाने वाले सभी उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए योग्य माना जाएगा।

v) उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार में किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

vi) यदि चयन हो जाता है, तो उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसा-पत्र आदि के प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी है।

vii) चयनित उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए उपरोक्त सभी दस्तावेज मूल रूप में लाने होंगे।

13. **नियम और शर्तें:**

i) अपूर्ण आवेदन पत्र या निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत न किए गए आवेदन पत्र या बिना फोटो और बिना हस्ताक्षर वाले आवेदन पत्र या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र सामान्यतः अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
ii) गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
iii) चयनित उम्मीदवार को भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, शहर प्रतिपूरक भत्ता आदि का लाभ नहीं दिया जाएगा।
iv) परिषद के महानिदेशक, बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है और इस मामले में किसी भी पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।
v) परिषद के महानिदेशक वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
vi) परिषद के महानिदेशक योग्य उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम आयु और शैक्षिक योग्यता में छूट देने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

vii) चयनित होने पर उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसापत्रों आदि की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

viii) की गई छंटनी या रोजगार के लिए किसी भी रूप में अपने पक्ष में कोई भी सिफारिश करना या बाहरी प्रभाव डालवाना अयोग्यता माना जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

ix) केवल अनिवार्य योग्यता/अनुभव पूरा करना ही चयन की गारंटी नहीं है।

x) चूंकि ये पद पूर्णतः अस्थाई और संविदा आधार पर भरे जाने हैं, अतः उम्मीदवारों को आईसीएमआर के अंतर्गत किसी भी प्रकार के नियमित/स्थाई रोजगार या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

xi) परिषद मुख्यालय के महानिदेशक प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है, जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

xii) साक्षात्कार में भाग लेने या पदभार ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा चयन होने की स्थिति में उम्मीदवारों को पदभार ग्रहण करने के बाद साक्षात्कार की अवधि के दौरान ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

xiii) किसी भी केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त/विभाग/पीएसयू के अंतर्गत पहले से नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

xiv) उपरोक्त रिक्तियों के संबंध में कोई भी परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र, नोटिस केवल वेबसाइट https://main.icmr.nic.in पर जारी किया जाएगा और प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट (https://main.icmr.nic.in) देखते रहें।

(जगदीश राजेश)
उप महानिदेशक (प्रशा.)

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, नई दिल्ली
**INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH**
**V. Ramalingaswami Bhawan, Ansari Nagar, New Delhi**

आवेदन-पत्र
**Application Form**

| नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ/ Latest Colored Photograph |
|---|

1. आवेदित पद/Position applied for……………………………………………………………………

2. उम्मीदवार का नाम (मैट्रिक के प्रमाण-पत्र के अनुसार)/……………………………………
   Name of the Candidate (As per matriculation certificate)……………………………………

3. पिता का नाम/Father's Name……………………………………………………………………

4. जन्म-तिथि /Date of Birth ……………………………………………………………………

5. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार आयु/……………………………………………
   Age as on the last date of receipt of application……………………………………………

6. लिंग (पुरुष/महिला)/Gender(Male/Female)…………………………………………………

7. पत्राचार के लिए डाक का पता/Postal Address for correspondence……………………………

8. स्थाई पता/Permanent Address ……………………………………………………………
9. मोबाइल नं. ……………………………………………………………………
10. ईमेल-आईडी ……………………………………………………………………

11. शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यताएं (अपर्याप्त स्थान की स्थिति में, कृपया आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अलग शीट संलग्न करें):/ Educational/ Professional qualifications (In case of insufficient space, please attachseparate sheet duly signed by the applicant):

| क्र. सं./Sl. No. | उत्तीर्ण परीक्षा/डिग्री/ Exam/Degree passed | विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/ School/college/ University | लिए गए विषय/Subject Taken | उत्तीर्ण वर्ष/Year of passing | कक्षा/श्रेणी प्रतिशत/Class/ Division %age |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

12. अनुभव (यदि स्थान अपर्याप्त हो तो कृपया आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित पृथक शीट संलग्न करें):/
    Experience (In case of insufficient space, please attach separate sheet duly signed by the applicant):

| नियोक्ता का नाम/Name of the | धारित पद, अंतिम धारित पद से प्रारंभ | अवधि से/Period | अवधि तक/ Period To | संक्षेप में कर्तव्यों की प्रकृति /Nature of Duties in brief |
|---|---|---|---|---|

| Employer/Organization | होगा/Post held start form the post last held | From | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13. कोई अन्य सूचना/ Any other information ..........................................................................................

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर) /
(Signature of the candidate)

घोषणा/DECLARATION

i. मैं एतद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं संविदा नियुक्ति के पद के लिए निर्धारित आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि से संबंधित पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करता/करती हूँ।/ I hereby declare that I fulfill all the conditions of eligibility regarding age limits, educational qualifications and experience etc, prescribed to the post on contractual appointment.
ii. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता/समझती हूँ कि साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी सूचना के दावे/झूठे या गलत पाए जाने या अयोग्यता पाए जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।/ I further declare that all statements made in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief I understand that in the event of any information being found suppressed /false or incorrect or ineligibility being detected before or after the interview, my candidature is able to be cancelled.

स्थान:/Place:
दिनांक:/Date:

(आवेदक के हस्ताक्षर)/
(Signature of the candidate)

(अहस्ताक्षरित आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा)/
(Unsigned application will be rejected)

**नोट:-** अपूर्ण आवेदन/शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता/अनुभव प्रमाण-पत्र से संबंधित फोटोग्राफ और सहायक दस्तावेजों के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।
Incomplete application/the application without photograph and supporting documents pertaining to Educational/Professional qualification(s)/ Experience Certificates shall liable to be rejected.